भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2538
(19 दिसम्बर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)

हिमाचल प्रदेश में पीएमजीएसवाई का तीसरा चरण

2538. श्री सुरेश कश्यपः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के लिए कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और विगत दो वर्षों के दौरान किन-किन सड़कों के लिए उक्त धनराशि स्वीकृत की गई है;

(ख) कितनी सड़कों का निर्माण-कार्य पूरा हो चुका है और कितनी सड़कें अभी अधूरी हैं; और

(ग) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के लिए अब तक वर्ष-वार और जिला-वार कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) से (ग): प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की शुरुआत दिसंबर 2000 में एकबारगी विशेष पहल के रूप में की गई थी जिसका उद्देश्य ग्रामीण आबादी की सामाजिक-आर्थिक दशा सुधारने के लिए ग्रामीण सड़क संपर्क बढ़ाने में सहायता करना था। दिनांक 13.12.2023 तक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के विभिन्न घटकों के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य को कुल 7,259.67 करोड़ रुपये का केंद्राश जारी किया गया है।

पीएमजीएसवाई-III की शुरुआत 2019 में हुई थी। पिछले दो वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पीएमजीएसवाई-III के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य को जारी केंद्राश का विवरण इस प्रकार है:-

वित्तीय वर्ष	**अवमुक्त धनराशि (केंद्राश) (करोड़ रुपये में)**
2021-22	0
2022-23	293.50
2023-24 (13.12.2023 तक)	0

पीएमजीएसएवाई के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां उनसे प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर जारी की जाती हैं जो अन्य बातों के साथ-साथ उनके पास उपलब्ध कार्यों, उनकी निष्पादन क्षमता और उनके पास उपलब्ध खर्च न की गई शेष राशि पर निर्भर करता है। जिला स्तर पर कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाइयों को आगे निधियां संबंधित राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाती हैं जो कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाइयों की खपत क्षमता पर निर्भर करता है।

हिमाचल प्रदेश में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जिन सड़कों पर कार्य चल रहा है उन सड़कों के जिले-वार और वर्ष-वार नाम इस कार्यक्रम की वेबसाइट omms.nic.in=>progress monitoring=>Physical progress=>Physical progress of works पर देखे जा सकते हैं।

दिनांक 13 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में स्वीकृत, निर्मित और चल रहे सड़क कार्यों का ब्यौरा इस प्रकार है:-

सड़क लंबाई कि.मी. में

कार्यक्रम	स्वीकृत			निर्मित			शेष		
	सड़कों की संख्या	सड़क लंबाई	पुल	सड़कों की संख्या	सड़क लंबाई	पुल	सड़कों की संख्या	सड़क लंबाई*	पुल
पीएमजीएसवाई-I	3466	20603	103	3324	19768	93	142	523	10
पीएमजीएसवाई-II	112	1251	1	103	1207	1	9	38	0
पीएमजीएसवाई-III	299	3123	0	0	25	0	299	3098	0
कुल	**3877**	**24977**	**104**	**3427**	**21000**	**94**	**450**	**3659**	**10**

**सड़क की लंबाई में कमी, संरेखण में बदलाव, सड़क के कुछ हिस्से का दूसरी एजेंसियों द्वारा निर्माण किए जाने के कारण शेष सड़क की लंबाई स्वीकृत और निर्मित सड़क की लंबाई के अंतर से कम है।*

पीएमजीएसवाई-I और II के अंतर्गत परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा मार्च, 2024 है और पीएमजीएसवाई –III को पूरा करने की समय-सीमा मार्च 2025 है।

*****